# रणजीत टाइम्स

इंदौर

बुधवार, 23 जुलाई, 2025

वर्ष 01 | अंक 184 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


## मध्य प्रदेश वन विभाग को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स - लंदन में मिली मान्यता



भोपाल। मध्य प्रदेश वन विभाग को दुर्लभ एवं विलुप्तप्राय प्रजातियों के 15,000 पौधों का रोपण कर उन्हें संरक्षित एवं जीवित रखने के कार्य के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में स्थान मिला है। यह उपलब्धि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में राज्य की एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की ओर से संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सदस्य डॉ. भरत शर्मा ने जिला वन अधिकारी श्री प्रदीप मिश्रा को प्रमाण-पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष प्रो. डॉ. राजेश लाल मेहरा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्री प्रबल सपाहा, IAS, प्रमुख आयुक्त कस्टम श्री राजीव अग्रवाल, प्राचार्य, होलकर महाविद्यालय डॉ. अनामिका जैन, प्रो. डॉ. संजय व्यास, अधिवक्ता श्री विक्रम त्रिवेदी, वैद्य श्री ब्रह्मदेव त्रिपाठी, अधीक्षक जीएसटी श्री कमल सिंह डाबी तथा कस्टम अधिकारी श्री प्रतीक सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह के दौरान सभी अतिथियों ने पौधारोपण कर इस पहल का समर्थन किया। अधिवक्ता श्री संतोष शुक्ला ने वन विभाग को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं और इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायी प्रयास बताया।

### मुख्यमंत्री डॉ यादव से फिल्मकार श्री अनुपम खेर की भेंट

## तन्वी द ग्रेट के विशेष प्रदर्शन के अवसर पर भोपाल आए श्री अनुपम खेर



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मंगलवार की शाम समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में जाने-माने अभिनेता और फिल्म निर्देशक श्री अनुपम खेर ने भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने श्री अनुपम खेर का अंग वस्त्र से सम्मान किया। श्री अनुपम खेर भोपाल में फिल्म तन्वी द ग्रेट के विशेष प्रदर्शन के अवसर पर आए हैं। इस अवसर पर फिल्म की अभिनेत्री सुश्री शुभांगी दत्त और बाल कलाकार विराज अग्रवाल भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने श्री अनुपम खेर को एक श्रेष्ठ उद्देश्य पूर्ण फिल्म के निर्माण के लिए बधाई दी। श्री खेर ने मुख्यमंत्री डॉ यादव को अपनी पुस्तक डिफरेंट बट नो लेस भी भेंट की।

## उज्जैन का तस्कर नारकोटिक्स इन्दौर विंग की गिरफ्त में

### उज्जैन से md लाकर इंदौर और आस पास सप्लाय करता था आरोपी जुबेर खान

### 2.70 लाख रु की 27 ग्राम md जप्त

एम पी तस्करी एवम माफियाओं के विरुद्ध जारी अभियान के अंतर्गत धरपकड़ करने एवं आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री केपी राव द्वारा विशेष अभियान आरम्भ किया गया था जिसमे नारकोटिक्स विंग के सभी पुलिस अधिकारियों को अवैध मादक पदार्थ तस्करो की धरपकड़ हेतु समुचित दिशा निर्देश दिए गए थे जो श्रीमान उप पुलिस महानिरीक्षक श्री महेश चंद्र जैन के निर्देशन में नारकोटिक्स विंग इंदौर की टीम को मुखबिर तंत्र के माध्यम से सूचना मिली थी जुबेर पिता अब्दुल हामिद निवासी उज्जैन का बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ. Md रखकर इंदौर मे सप्लाय करने वाला है मुखबिर की सूचना पर नारकोटिक्स विंग की टीम द्वारा md सहित पकड़ा जो एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुए कुल मात्रा 27 ग्राम md पकड़ी एवम प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । जप्तशुदा md के सोर्स हेतु पूछताछ जारी है।



## धनावत के नेतृत्व में पूर्व मंत्री विधायक जयवर्धन सिंह का बिचोली में आत्मीय स्वागत



### महू-इंदौर- जिला

कांग्रेस प्रवक्ता जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया ग्राम भिचौली में बायपास पर मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह का आत्मीय स्वागत किया उन्होंने चर्चा के दौरान कहा महू विधानसभा में कांग्रेस का परचम लहराना है आप मेहनत करते रहो मैं आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहूंगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से ललित मीणा उज्जैन,जुगनू जादवसिंह धनावत, वरिष्ठ कांग्रेस नेता घनश्याम यादव, लोकेश धनावत,संजू परमार,अर्जुन मीणा, शिवम सिंह,सूर्यदेव सिंह इत्यादि जनों ने अभिनंदन किया और भिचौली आने का न्योता भी दिया इस पर उन्होंने स्वीकार करते हुए धनावत का मोबाइल नंबर लेकर कहा आप जब बुलाओगे मैं हाजिर हो जाऊंगा।

रणजीत टाइम्स
इंदौर, बुधवार 23 जुलाई 2025


## थाना सराफा में हस्ताक्षर अभियान चलाकर किया राजवाडा विजयचाट सीतलामाता व सराफा में नशे से दूरी है जरूरी अभियान का प्रचार प्रसार




इंदौर। दिनांक 22/ 7 /2025 को थाना सराफा पुलिस द्वारा "नशे से दूरी है जरूरी" अभियान के अंतर्गत लेकर नशे से दूर रहने व नशा नहीं करने , नशे से होने वाले मानसिक शारीरिक व आर्थिक दुष्परिणाम के प्रति जनमानस को जागरूक करने हेतु थाना सराफा अंतर्गत श्रीमान DCP सर zone-4 ,acp सराफा सर व थाना प्रभारी सराफा सर की उपस्थिति में हस्ताक्षर अभियान चलाकर किया राजवाडा विजयचाट सीतलामाता व सराफा में नशे से दूरी है जरूरी अभियान में नशे से दूर रहने व लोगों को बड़ चडकर इस अभियान में भाग लेने एवं अधिक से अधिक लोगों इस नशे रुपी जहर से दूर रहने के प्रति जागरूक किया गया।

## "चंदन नगर क्षेत्र में घर में घुसकर युवक पर हमला, परिवार भी बना निशाना"






इंदौर के चंदन नगर क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ सलमान नामक युवक ने शाकिर शाह नामक व्यक्ति के घर में घुसकर उस पर जानलेवा हमला कर दिया। यह घटना रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है। शाकिर शाह की पत्नी के अनुसार, जब पूरा परिवार घर में बैठकर रात का खाना खा रहा था, तभी आरोपी सलमान अचानक दरवाजा तोड़कर घर के अंदर घुस आया। उसने शाकिर शाह के साथ पहले मारपीट शुरू की और फिर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की कोशिश की। इतना ही नहीं, शाकिर को बचाने आई उसकी पत्नी और बच्चों पर भी सलमान ने हमला कर दिया। इस हमले से पूरा परिवार दहशत में है। शाकिर की पत्नी का आरोप है कि यह हमला पूर्व विवाद की वजह से किया गया है। दरअसल, दो महीने पहले शाकिर के भाई जावेद का सलमान से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। उस मामले की गवाही में शाकिर का नाम लिखवाया गया था। तभी से सलमान, शाकिर पर गवाही ना देने का दबाव बना रहा था और अब इसी रंजिश में यह हमला किया गया। हमले के बाद घायल शाकिर शाह को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर प्रयास जारी हैं।

## बीज एवं पौधारोपण: प्रकृति से पुनः जुड़ाव की ग्रामिणों की प्रेरक पहल

संजय प्रेम जोशी

**बरझाई घाट में सोबल्यापूरा ग्राम पंचायत और पुंजापुरा प्रगति समिति व समाज प्रगति सहयोग संस्था ग्रामीणों की मदद से हरियाली और पर्यवारण सरंक्षण की एक नई कहानी लिख रहे है... बरझाई घाट का पर्यावरण इस क्षेत्र के जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है ।**

यह बरझाई घाट, नीचे बसे गांवों के तालाब, कुएं और बोरवेल के भूजल रिचार्ज के भी योगदान देता है। हमेशा ही पर्यटकों का प्रिय स्थान भी रहता है । लेकिन इस घाट में प्राचीन भेरू बाबा का मंदिर है जहां इंसानों द्वारा बन्दरों को खाना खिलाने का रिवाज बढ़ता जा रहा है । जिससे वे अब मानव पर निर्भर हो रहे है, खाना न मिलने पर वे आक्रमक होकर हमले भी करने लगे हैं। इसलिए ग्रामीण लोगों ने वन्य प्राणी की जंगल में खाने तलाशने की आदत बनाएं रखने के लिए विगत दो वर्षों से जंगल में फलदार पौधे और बीज रोपण का उत्सव कर रहे हैं। यह इस उत्सव का तीसरा वर्ष था जिसमें सोबल्यापूरा और पांजरिया के लगभग 130 लोग जिसमें बच्चों ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया । उन्होंने भेरू बाबा मंदिर के ऊपर पहाड़ी में 101 फलदार पौधे और करीब 70 हजार अलग-अलग प्रकार के स्थानीय फलदार पौधे के बीज भी डालें है।लोगों ने ढोलक की थाप और बांसुरी की धुन में मस्त मगन होकर यह कार्य एक उत्सव की तरह किया । जंगल बचाना, पौधे बचाना और दूसरे लोगों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना उसका संकल्प भी लिया। इस सम्पूर्ण बीज उत्सव कार्यक्रम की रूप रेखा समाज प्रगति सहयोग संस्था के मीडिया कार्यक्रम ने तैयार की है । इसमें ग्रामीणों के जुड़ाव के लिए विशेष योगदान पुंजापुरा प्रगति समिति कर रही है। साथ ही सोबल्यापूरा ग्राम पंचायत और वन विभाग मंडल भी अपना योगदान दे रहे हैं।





## कलेक्टर ने जनसुनवाई में अपनाया नया तरीका, स्वयं पहुंचे आवेदकों के पास

### आवेदकों से मौके पर ही लिए आवेदन, अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

ऋषि गोस्वामी



शिवपुरी। जनसुनवाई के दौरान आमतौर पर आवेदक कतार में खड़े होकर कलेक्टर को अपनी समस्याएं सौंपते हैं, लेकिन आज का जनसुनवाई कार्यक्रम कुछ अलग रहा। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने इस बार पारंपरिक व्यवस्था से हटकर एक नया तरीका अपनाया। उन्होंने कार्यालय कक्ष में बैठे रहने की बजाय स्वयं जनसुनवाई हेतु कतार में खड़े आवेदकों के पास जाकर उनकी समस्याएं सुनीं। श्री चौधरी ने एक-एक कर सभी आवेदकों से आवेदन लिए और सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश भी दिए। जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में जिले भर से आए 162 आवेदकों की समस्याएं सुनीं गई और उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए।

# मोटर साईकिल चुराने वाली बाग टाण्डा (धार)की गैंग का पर्दाफाश, आरोपी पुलिस थाना भंवरकुआं की गिरफ्त में

**•शातिर वाहन चोर गैंग बुलैट व महंगी मोटरसाईकिलो को ही बनाते थे, अपना निशाना**
**•आरोपियों से चोरी की 10 मोटरसाईकिल जिनमे- 04 बुलैट, 01 पल्सर, 03 स्प्लेंडर, 01 साईन, 01 अपाचे कुल कीमती लगभग 14 लाख रुपये कीमत की गाड़िया पुलिस ने की जप्त।**
**•आरोपियो से इंदौर के थाना भंवरकुआ व राजेन्द्र नगर सहित धार के थाना धामनोद क्षेत्र से चुराई मोटरसाईकिले भी की बरामद।**
**•वाहन चोर गिरोह से मँहगी मोटर साईकल सस्ते दामो में खरीदने वाले, खरीददारो को भी बनाया आरोपी**




इंदौर शहर में अपराधो पर नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्यवाही के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं। जिसके परिपेक्ष्य में शहर के भँवरकुआ आसपास के थाना क्षेत्र से हो रही महंगी मोटरसाईकिल चोरी की घटनाओं पर पुलिस उपायुक्त नगरीय जोन-4 श्री डॉ. ऋषिकेश मीणा द्वारा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नगरीय जोन- 4 श्री दिषेश अग्रवाल व सहायक पुलिस उपायुक्त जूनी इन्दौर श्री विजय चौधरी को विशेष कार्ययोजना बना कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। उक्त निर्देशानुसार कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना भंवरकुआं ने मोटर साईकिल चुराने वाली बाग टाण्डा (धार) की गैंग को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। क्षेत्र में चोर गिरोह को पकडने एंव दो पहिया वाहनो की बरामदगी हेतु एक विशेष टीम गठित कर लगातार सूचनाए एकत्रित कर संदिग्ध व्यक्तियो / आरोपियो की गिरफ्तारी हेतु प्रयास कर रही थी इसी कडी में पुलिस थाना भंवरकुआ को एक महत्वपूर्ण सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये बाग-टांडा जिला धार के वाहन चोर गिरोह के 01 सदस्य को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है व वाहन चोर गिरोह के अन्य सक्रिय सदस्य फरार है, जिनको भी पकड़ने के प्रयास जारी है।

## वाहन चोर गिरोह के पकड़े गए सक्रिय सदस्य निम्न

बयार राज कर्मा 23 साल नि. के इलाईट हास्टल पिपलिया राव इंदौर स्थायी पता ग्राम राजपुर तह. राजपुर जिला बडवानी। वाहन चोर गिरोह के अन्य सक्रिय फरार सदस्य –

लक्ष्मण बघेल निवासी बाग, दीपक लोधी निवासी बाग, सुनील बघेल निवासी बाग

## वाहन चोर गिरोह से मँहगी मोटर साईकल खरीददार आरोपी निम्न है:

1. रोहित वायकर 22 साल नि. ग्राम पानसेमल जिला बड़वानी।

2. गोलू पंवार 25 साल नि. ग्राम पानसेमल जिला बड़वानी।

3. यश डाबर 20 साल नि. देवझिरी कालोनी सेधवा जिला बड़वानी

4. भावेश अहिराव 21 साल नि. नेहा पार्क नंदूरबार महाराष्ट्र।

पकडे गये आरोपी से विस्तृत पूछताछ करने पर इनके व्दारा इंदौर शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रो से एंव अन्य स्थानो से चोरी किये गए निम्नलिखित 10 दो पहिया वाहन चोरी करना स्वीकार किया है

बरामद वाहनो की सूची निम्नानुसार है.....

1.अप.क्र. 308/25 धारा 303 (2) बीएनएस मे चोरी गई बुलेट मो.सा.MP09VU0058

2. अप.क्र. 349/25 धारा 303(2) बीएनएस मे चोरी गई बुलेट मो. सा. MP09XA5112,3. अप.क्र. 739/25 धारा 303 (2) बीएनएस मे चोरी गई मो. सा. स्पलेण्डर MP09NZ4527

4. अप.क्र. 740/25 धारा 303 (2) बीएनएस मे चोरी गई मो.सा. स्पलेण्डर MP09DB1959

5 अप.क्र. 741/25 धारा 303 (2) बीएनएस मे चोरी गई मो.सा. अपाची क्र. MP09XB5838

6. थाना राजेन्द्र नगर के अप.क्र. 239/25 धारा 303 (2) बीएनएस मे बुलट MP09VT0722

7. थाना धामनोद में चारी मोटरसाईकल पल्सर वाहन क्रंमाक MP 11 ZD 8175। व अन्य चोरी की 01 बुलेट व 02 स्प्लेंडर, 01 साईन मोटरसाईकिल बिना नंबर जप्त की गई है जिन्हे जप्त कर मालिको का पता किया जा रहा है। जप्त मश्रुका 10 मोटरसाईकिले कीमती 14.00 लाख रुपये। उपरोक्त चोरी किये गये दोपहिया वाहनों को आरोपियों व्दारा चोरी करने के पश्चात अलग-अलग शहर नासिक (महाराष्ट्र) व शहर सेंधवा, बडवानी, पानसेमल में विभिन्न स्थानो बेचना व छिपाना बताया जिन्हें आरोपियों के बताए अनुसार छुपाये गए स्थानो व खरीददारो से पुलिस टीम व्दारा बरामद किया गया है। पकडे गए आरोपियों से पूछताछ में इनके साथियो के बारे में खुलासा हुआ है जिससे 10 अन्य वाहनों का खुलासा हुआ है जो इंदौर शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों से दो पहिया वाहन चोरी किये है। आरोपियो से चोरी किये गये मोटर सायकल कुल 10 कीमती 14.00 लाख के वाहन बरामद किया है। प्रकरण में विवेचना जारी है जिसके आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है तथा गैंग के अन्य साथियों व वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही हैं। उक्त घटनाओ में पकडे गये वाहन चोर के गैंग के सदस्य से पूछताछ करने पर बताया की मैं अपने साथियो के साथ इलाईट हॉस्टल पिपलियाराव इंदौर में किराये का रूम लेकर दिन में चोरी के उद्देश्य से रैकी करते थे एंव रात्रि के समय पर रैकी किये स्थानो पर घटना को अजाम देते थे। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी भँवरकुआं निरीक्षक राजकुमार यादव, उनि देवेन्द्र मिश्रा, प्रआर. 1988 पवन दीवान, आर. 3949 रविकांत, आर. 1637 शिवपाल सिंह व सायवर सेल के आर. 2570 गौरव, आर. 3495 अरविंद की सराहनीय भूमिका रही।

# एक्सपायरी कोल्ड ड्रिंक्स बेचने पर संयुक्त दल के द्वारा जांच एवं नमूना संग्रहण कार्यवाही

**रणजीत टाइम्स**

**शाजापुर। विभिन्न न्यूज पेपर में प्रकाशित खबरों- "एक्सपायरी माजा से बच्ची की तबियत बिगड़ी" का संज्ञान लेते हुए कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देश पर खाद्य-औषधि प्रशासन विभाग एवं राजस्व अधिकारियों की टीम ने एक्सपायरी कोल्ड ड्रिंक्स बेचने वाले वेदिका आईसस्क्रीम एवं ज्यूस सेंटर (भरका देवी) के यहां जाँच कर नमूना संग्रहण किया।**

**टीम ने इन संस्थानों में उपलब्ध हरेक प्रोडक्ट की निर्माण एवं एक्सपायरी डेट की जांच कर नियर एक्सपायरी डेट के माजा तथा फ्रूटी मैंगो कोल्ड ड्रिंक्स टेट्रा पैक सहित कुल 2 सैंपल एकत्रित कर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे जा रहे है। सुधार के लिए नोटिस देकर 3 दिवस में जवाब चाहा गया है कि फ़िफो (फर्स्ट इन फर्स्ट आउट) का पालन क्यों नहीं किया। पीड़ित पक्ष तथा दुकानदार दोनों के कथन लिए गए। कार्यवाही में दल प्रभारी नायब तहसीलदार सुश्री नाहिद अंजुम, खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री एम.के. वर्मा, एवं श्री के.एल. कुम्भकार, राजस्व दल पटवारी श्री ताहिर हुसैन शामिल रहे।**

# बिगिनर्स कोर्स का भारत स्काउट एवं गाइड ने किया आयोजन

हाटपीपल्या नि प्र,_नगर के पी एम श्री शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय में भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश जिला संघ देवास के द्वारा विकासखंड स्तरीय बिगिनर्स कोर्स का आयोजन किया गया । जिसमें 75 स्कूलों के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भाग लिया । आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी श्री हरि सिंह जी भारतीय के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में अतिथि श्री एन पी सिंह पूर्व विकास खंड शिक्षा अधिकारी, अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनोज जोशी,जिला डी ओ सी मनोज पटेल,जिला सचिव जितेंद्र मंडलोई,सह सचिव अश्विन घोड़पड़े,की आथित्य में हुआ। कोर्स में पधारे प्रतिभागी शिक्षकों को जिला संगठन आयुक्त मनोज पटेल के द्वारा स्काउटिंग गाईडिंग के विषय से संबंधित जानकारी स्काउटिंग गाइडिंग के आधारभूत तत्व, स्काउटिंग गाइडिंग की संक्षिप्त इतिहास, स्काउट गाइडिंग क्या है इसकी जानकारी दी। जिसमें प्रतिज्ञा और नियम, आदर्श वाक्य, चिन्ह, सैल्यूट और बायां हाथ मिलाने का तरीका, वर्दी और संगठनात्मक संरचना के साथ यूनिट के गठन के



संदर्भ में विस्तृत जानकारी,आपातकाल एवं विषम परिस्थितियों में जीवन यापन करने के गुर सिखाए इसमें रस्सी में कई तरह की गांठों को बांधना, सीमित साधन से टेंट बनाकर रहना, राहत एवं बचाव कार्य करना, आग से बचाव, बाढ़ एवं भूकंप से बचाव में प्रयोग के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई।जिला संगठन आयुक्त ने बताया कि इस प्रशिक्षण को लेने के बाद प्रशिक्षित शिक्षक अपने विद्यालय में स्काउट गाइड के यूनिट का गठन कर बच्चों को स्काउटिंग गाइडिंग के संदर्भ में जानकारी प्रदान कर उन्हें एक योग्य और व्यवस्थित नागरिक बनाने में सहयोग प्रदान करेंगे। जितेंद्र मंडलोई ने युवा वयस्क कार्यक्रम बिना बर्तन के भोजन बनाना की जानकारी दी। अध्यक्ष मनोज जोशी ने स्काउट,गाइड के माध्यम से पुरस्कारों की जानकारी दी। इस अवसर पर श्री अनिल चौहान,चेतन सेन, अनिल वर्मा, लोकेंद्र परिहार,शैलेन्द्र पवार ने सहयोग किया, कार्यक्रम का संचालन किया योगेश तिवारी आभार प्रियंका मुन ने माना।


# चिकित्सालय के ट्रामा सेंटर की शासकीय भूमि अतिक्रमण से मुक्त करायी



**रणजीत टाइम्स**

शाजापुर । जिला प्रशासन के संयुक्त दल द्वारा आज शाजापुर जिला चिकित्सालय के ट्रामा सेंटर की शासकीय भूमि पर से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। इस दौरान ट्रामा सेंटर की भूमि पर कब्जा कर निर्मित की गई अवैध झोपड़ी व बगिया को भी हटाया गया। यह भूमि चिकित्सालय की पार्किंग के लिए प्रस्तावित है, जिसे अतिक्रमण से मुक्त कर कब्जा सिविल सर्जन डॉ. बीएस मैना को सौंपा गया। कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना को शिकायत मिली थी कि इस स्थान पर मंदिर के पीछे असामाजिक तत्वों द्वारा नशीले पदार्थों का सेवन किया जाता है एवं चिकित्सालय परिसर में अवैधानिक कृत्य किये जाते हैं। इसे हटाने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा कलेक्टर को आवेदन दिया गया था, जिस पर संज्ञान लेते हुए यह कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान अनुविभागीय अधिकारी सुश्री मनीषा वास्कले, डिप्टी कलेक्टर श्री राजकुमार हलदर, तहसीलदार श्री सुनील पाटिल, नायब तहसीलदार श्री गौरव पोरवाल, सिविल सर्जन डॉ. बीएस मैना, डॉ. एसडी जैसवाल, डॉ. आलोक सक्सेना, डॉ. दीपक पाटीदार, डॉ. गोविंद पाटीदार सहित पटवारियों का दल, पुलिस बल आदि मौके पर उपस्थित थे।

# सहजयोग देता है, संकल्प विकल्प पर पूर्ण नियंत्रण



प. पू. श्रीमाताजी निर्मला देवी प्रणित' सहजयोग' एक आंतरिक योग है। इस योग की नींव अपने चित्त पर खड़ी है। पाँच मिनट शांत बैठकर आप अगर आपके चित्त का अवलोकन करेंगे तो आपको पता चल जायेगा कि अपना चित्त जो अपने मन से जुडा हुआ है, वो सदैव कुछ न कुछ संकल्प या विकल्प करता रहता है । हम सभी को लगता है कि हम जीवन में एक अच्छे इन्सान बनें, हमारा समाज में एक प्रतिष्ठित स्थान हो, हमें हमारे क्षेत्र में यश प्राप्त हो । परंतु जैसे ही कुछ अच्छा संकल्प करते है दूसरा मन बोलता है, क्या वाकई हमे यश प्राप्त होगा? जिस किसी भी तथाकथित उद्देश्य की प्राप्ति के लिए हम प्रयासरत हैं, वो हमें प्राप्त होगा? और जैसे ही विकल्प हमारे मन में आता है तो वह हमारे शुद्ध संकल्प को छिन्नभिन्न कर देता है। हमें चिंता निराशा और भय से भर देता है। हम हमारे " उद्देश्य प्राप्ति' की ओर अग्रसर तो होते हैं, परंतु उस विकल्प के कारण हमारे प्रयास कमजोर हो जाते हैं और हम अपयशी हो जाते हैं। और सदैव इस संकल्प-विकल्प के दुष्चक्र में फंसे रहते हैं। हम आप को बता दें, कि सहजयोग ध्यान आपको इस चक्र से कैसे बचाता है? यह ध्यान केवल एक आध्यात्मिक क्रिया न होकर एक जीवन-पद्धति है जो हमें चित्त की एकाग्रता कैसे पाई जाए इसकी कला सिखाती है। सहजयोग में जब आपको आत्म साक्षात्कार प्राप्त होता है, तो आप को निर्विचारिता अर्थात अपने मन में कुछ क्षण के लिए एक भी विचार नहीं आना, इसे ही शून्य स्थिति कहते हैं, प्राप्त होती है। जब आप नियमित ध्यान करने लगते हैं, तो यह निर्विचारिता, आपको तत्क्षण प्राप्त होती है। जो भी काम हाथ में लेते हो उस काम के प्रति आप संपूर्ण एकाग्र हो जाते हो। यह काम करते हुए आप अपने आपको भी भूल जाते हो, और तो और इतना काम करने के बावजूद थकान का भी अनुभव नहीं करते। आप के हाथों व तालु के भाग से चैतन्य लहरियां बहने लगती हैं क्यूंकि, काम तो अपने · हाथ आप से कर रहे हैं परंतु आपका चित्त 'ब्रह्मांडीय शक्ति से एकरुप हो जाता है, यही स्थिति समझाने के लिये भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कछुए का दृष्टांत दिया है। कछुआ जैसे ही कोई बाह्य संकट आता है तो आपने अवयवों को अंदर खींच लेता है, वैसे ही ध्यान करने वाला साधक अगर किसी भी बाह्य समस्या के प्रभाव में आता है तो वह अपना चित्त अपने सहस्त्रार चक्र पर एकाग्र कर ब्रह्मांडीय उर्जा से जुड़ा रहता है । वह ब्रह्मांडीय ऊर्जा ही उसकी समस्या का समाधान कर देती है और वह तो अपने चित्त को एकाग्र कर अपने आनंद में मस्त रहता है। आप भी इस जादुई ध्यान का अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। अपने आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं।

# सावन के पवित्र महीने में शिवालयों में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

## दूर दराज से आए कावड़ियों द्वारा किया गया प्रसिद्ध तपस्वी स्थल श्री श्रृंगेश्वर महादेव का जलाभिषेक

**रणजीत टाइम्स**

पेटलावद। झकनावदा सावन के पवित्र महीने में दूसरे श्रावण सोमवार को भोले के भक्तों द्वारा बोल बम ,बोल बम ,हर हर महादेव , भोले शंभु भोलेनाथ जैसे नारों के साथ भक्ति में लीन अपने कंधों पर कावड़ उठाए हर्षोल्लास के साथ कावड़ में जल भर कर पैदल चल कर बाबा भोले की भक्ति में डूब कर श्रृंगेश्वर धाम पर बाबा महाकाल को जलाभिषेक करने के लिए धार जिले के टीमायची के नया राम मंदिर से कावड़ यात्रा प्रारंभ कर श्री श्रृंगेश्वर धाम पर महादेव का जलाभिषेक किया , इसी के साथ ग्राम बनी , व भानगढ़ से काल भैरव डाक तूफानी कावड़ यात्रा का नगर के समाज सेवियों ओर सामाजिक संगठन द्वारा गले में दुपट्टा पहनाकर स्वागत कर स्वल्पाहार करा



कर, दूर दराज से आए सभी कावड़ियों का अभिनन्दन किया गया ।

श्रृंगेश्वर धाम के गादीपति महंत श्री रामेश्वगिरी जी महाराज से आशीर्वाद लेकर नगर के होनहार युवा जो हर धार्मिक, सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहने वाले आर्यन मिस्त्री, श्रेयांस वोहरा, सिद्धार्थ भागू और पुजारी संतोष गिरी जी महाराज द्वारा श्रृंगेश्वर महादेव सरकार का अलौकिक श्रृंगार किया गया जो कि आकर्षण का केंद्र रहा , इस अलौकिक श्रृंगार ने सभी को मनमोहक कर अपनी ओर आकर्षित कर मन का प्रफ्फुलित किया ।

इस कावड़ यात्रा में मुख्य रूप से हेमेंद्र कुमार जोशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र राठौड़,श्रेणिक कोठरी,समाज सेवी गोपाल राठौड़, सुरेश राठौड़,फकीरचंद माली,ठाकुर परीक्षित सिंह राठौर, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश कासवा, विकाश जोशी नारायण प्रजापत, संजय व्यास,राजेंद्र मिस्त्री,,डॉ अपूर्वा, दामोदर पडियार,जीवन वैरागी,कमल चोयल, पंकज राठौड़, कुलदीप आचार्य,आदि ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# अमझेरा थाने में नए थाना प्रभारी मकवाना ने पदभार संभाला

**रणजीत टाइम्स**



**सरदारपुर । पुलिस थाना अमझेरा के नवागत थाना प्रभारी राजु मकवाना ने शनिवार को पुलिस थाना अमझेरा पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। नवागत थाना प्रभारी मकवाना ने पदभार ग्रहण करने के बाद क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर पूर्णत: अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता रहेगी।**

**साथ ही क्षेत्र में चोरी, लूट सहित अन्य वारदातों पर रोकथाम हेतु विशेष प्रयास किए जाएंगे तथा पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी। जनता और पुलिस के बीच के संवाद को और मजूबत किया जाएगा।**

# केम्प का उद्देश्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ वार्ड हितग्राहियो को मिलता रहे- राखी जैन

**रणजीत टाइम्स**

मेघनगर । समग्रआधार ई केवाईसी कैंप का आयोजन नगर परिषद अध्यक्ष कमलेश मचार एवं वार्ड पार्षद श्रीमती राखी राकेश जैन की अध्यक्षता में वार्ड नंबर 11 में सम्पन्न हुआ।जहां पर नगर परिषद अध्यक्ष महोदय द्वारा समग्र ई केवाईसी कैंप का आकस्मिक निरीक्षण किया एवं नोडल अधिकारी एवं शिविर में उपस्थित सभी कर्मचारियों को सख्त निर्देश दी कोई भी नगरवासी बिना समग्र



ई केवाईसी के कैंप से ना लौटे तथा उसकी सतत निगरानी रखे। समग्र आधार ई केवाईसी नहीं होने की दशा में निम्न मुख्य कार्य नहीं हो पाएंगे जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना प्रधानमंत्री उज्वला योजना , लाड़ली लक्ष्मी योजना,संबल योजना तथा पेंशन का लाभ नहीं मिलेगा एवं आय , जाति स्थाई निवासी प्रमाण पत्र के लिए आवेदन नहीं कर पाएंगे, छात्रवृत्ति पोर्टल पर पंजीयन भी नहीं हो पाएगा। उसके पश्चात बाकी वार्डो में भी कैंप का आयोजन यथावत रहेगा। वार्डो में समग्र पोर्टल से नागरिकों के समग्र आई डी का आधार के साथ शत प्रतिशत ई केवाईसी पूर्ण करने के उद्देश्य को पूरा करने हेतु वार्ड प्रभारियों द्वारा डोर टू डोर सर्वे कर ई केवाईसी का कार्य किया जा रहा।एवं साथ ही शासन द्वारा अधिक से अधिक संख्या में लोगों की समग्र ई केवाईसी करवा कर सत प्रतिशत योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाए जाना है।अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु नगर परिषद द्वारा डोर टू डोर कचरा वाहन से भी प्रतिदिन मुनादी के माध्यम से किया जा रहा है।उक्त कैंप के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष महोदय कमलेश मचार,वार्ड पार्षद श्रीमती राखी राकेश जैन एवं समाजसेवी राकेश जैन ,किशन प्रजापत,जितेश प्रजापत,भूपेंद्र भटवेरा,जयेश झामर,संजय बडोला,पुरूषोतम शर्मा,सुरेश जी पंचाल,सुरेश ओझा आदि वार्ड के गणमान्य नागरिक एवं नगर परिषद कर्मचारी चिरणबाला प्रजापत, सुनील निनामा, कन्हैयालाल बामनिया डामोर एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बसंती प्रजापत सपना सोलंकी उपस्थित रहे।

# खानदेश की कुलस्वामिनी देवी कानबाई उत्सव 27 जुलाई को

**रणजीत टाइम्स**



खेतिया । विरासत को संजोए रखन के लिए कई त्याहार मनाए जाते हैं। इन्हीं में से दक्षिण पश्चिम खानदेश का एक महत्वपूर्ण त्योहार है कानबाई उत्सव। खानदेश में हर जगह कानबाई उत्सव बड़ी संख्या में मनाया जाता है। कानबाई खानदेश की ग्रामकुल देवी हैं और श्रावण मास के प्रारंभ होते ही खानदेश में देवी कानबाई माता का उत्सव की तैयारियां शुरू हो जाती है। खानदेश के जलगाँव, धुले और नंदुरबार जिलों सहित खानदेश महाराष्ट्र से जुड़े मप्र के ग्रामो,शहरों में कानबाई का उत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। सालों साल से चली आ रहा आराधना पर्व खानदेश संस्कृति व एकता का परिचायक भी है।

माता कानबाई उत्सव पर देश-विदेश में रहने वाले परिवार,कुटुंब के सदस्य इस उत्सव के लिए बिना चूके अपने घर लौटते है

कानबाई उत्सव की परंपराएं -

मराठी कैलेंडर के अनुसार, श्रावण मास के पहले रविवार को माँ कानबाई उत्सव मनाने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। कानबाई माता की स्थापना के बाद, प्रसाद के रूप में बनी रोटी खाई जाती है। इस समय, काम या व्यवसाय के लिए बाहर गए परिवार के सदस्य अपने पैतृक गाँव वापस आकर इस उत्सव में शामिल होते हैं। यह त्यौहार केवल डेढ़ दिन तक चलता है।रविवार को माँ कानबाई को घरों में विराजमान किया जाता है,पूजा अर्चना के साथ रातभर भक्ति की जाती है,सोमवार सुबह से विसर्जन की तैयारियां करते हुए ढोल ताशे,गाजे बाजे से नाचते गाते माताजी को विसर्जन हेतु ले जाया जाता है, विसर्जन जुलूस में बहुत बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटते है, शहर के मुख्य मार्गो से होकर जुलुस हनुमान मंदिर के निकट विसर्जित होता है जहाँ माँ कानबाई की आरती,पूजन के साथ बिदाई होती यह अत्यंत भावुक क्षण होता है जब श्रद्धालुओं की आँखों नम हो जाती है।,शहर में 200 से अधिक स्थानों पर अबकी बार रविवार 27 जुलाई को कानबाई माताजी विराजमान होने जा रही।कानबाई उत्सव को लेकर प्रशासन व्यवस्था की जमावट चल रही।

मालवा,राजस्थान गुजरात मे प्रमुखता से मनाए जाने वाले गणगौर पर्व की तरह ही खानदेश व इससे जुड़े हिस्सों में माँ कानबाई उत्सव उत्साह से मनाया जाता है,,परम्परा का निर्वहन, पारिवारिक एकता व संस्कृति के महाउत्सव की तैयारियां जोर शोर से प्रारंभ हो गयी,दिनाँक 27 व 28 जुलाई को माँ कानबाई पर्व मनाए जाने की घोषणा के साथ श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा

# बच्चे अच्छी शिक्षा लेकर संस्कारवान बनकर उच्च स्थान हासिल करे

**रणजीत टाइम्स**

जावरा । बच्चे देश की अमूल्य धरोहर है और इनके भविष्य के निमार्ण के लिए शिक्षक बेहद प्रयास करते है जिससे ये देश मे उन्नत मुकाम हासिल कर सके और आप सभी छात्र अपनी मेहनत और लगन से ऐसे कार्य करेंगे उक्त विचार जेएसजी सेंट्रल अध्यक्ष संजय सुराणा ने जेएसजी मध्यप्रदेश रीजन के नवसृजन गतिविधि के अंतर्गत कॉपी किताब वितरण समारोह में व्यक्त किए। दिनांक 22 जुलाई मंगलवार को श्रीमती इंद्रा जी शेखर जी नाहर के सौजन्य से एकीकृत शाशकीय माध्यमिक विधालय भूतेड़ा में बच्चो को शिक्षण सामग्री के साथ ही फ्रूट ओर बिस्किट वितरित किए गए। उक्त कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भारतीय जैन संघटना अध्यक्ष सुरेंद्र सुराणा, श्री श्वेताम्बर जैन वरिष्ठ सेवा समिति अध्यक्ष अभय सुराणा, समाजसेवी श्रीमती इंद्रा नाहर, समाजसेवी शेखर नाहर, अभय भंडारी, वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार हरण थे। सर्वप्रथम माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर





दीप प्रज्वलित किया गया। अतिथियों का स्वागत किया गया । आठवी कक्षा में प्रथम आने वाली दोनो छात्राओ को सुरेंद्र सुराणा द्वारा 500 रुपए का नगद पुरुस्कार प्रदान किया गया एवं अगले वर्ष भी जो कक्षा में प्रथम आएगा उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा यह घोषणा की गई। इस अवसर पर श्रीमती गायत्री शर्मा, श्रीमती विजया राठोड़, गोपाल राठौड़, लाखनसिंह गेहलोत उपस्थित थे । संचालन प्रदीप सेठिया द्वारा किया गया।

# पौधारोपण कर उनकी देखभाल करना हमारा दायित्वः चौहान

**रणजीत टाइम्स**

राजगढ़ । मोहनखेड़ा मंदिर प्रांगण में राजपूत समाज ने किया पौधारोपण, मास पारायण का दौर जारी राजगढ़। मोहनखेड़ा स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर पर श्रावण के चलते श्रीरामायण का मास पारायण चल रहा हैं। प्रतिदिन अलग-अलग समाज एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा मास पारायण में सहभागिता करते हुए पौधारोपण भी किया जा रहा हैं। सोमवार को क्षत्रिय राजपूत समाज द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर समाजजनों ने पौधों की देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प भी लिया। इस अवसर श्रीचारभुजा युवा मंच संरक्षक धारासिंह चौहान ने कहा कि मानव जाति के सुरक्षित भविष्य के लिए पौधारोपण जरूरी हैं। पौधारोपण के साथ ही उसकी नियमित देखभाल करना भी हमारा दायित्व हैं। लगातार पेड़ों की कटाई के चलते गर्मी के दिनों में तापमान 45 डिग्री से उपर जा रहा हैं। यदि समय रहते पर्यावरण संरक्षण किया नहीं गया तो आने वाला समय मानव जाति के लिए बहुत कठिन होगा। इसके लिए लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक



करते हुए उन्हें पौधारोपण के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर भाजपा नेता डां बलबहादुरसिंह छड़ावद, श्री राजपूत युवा विकास मंच संयोजक हुकुमसिंह राजपूत, राधेश्याम बारोड़, मुकेष रेवर, कंकूसिंह बारोड़, महासचिव हिम्मतसिंह रेवर, तिलक बारोड़, मदन सिसोदिया, मंदिर पुजारी सत्यनारायण वैष्णव आदि उपस्थित थे।

# मूर्तिकार का राजगढ़ श्री संघ की ओर से बहुमान किया गया

**रणजीत टाइम्स**





राजगढ़ I राजगढ़ नगर में चल रहे ज्ञानाजंन चातुर्मास हेतु विराजित पूज्य मुनिराज पुष्पेंद्रविजय जी महाराज साहब आदि ठाना 3 की पावनतम निश्रा में बडनगर से पधारे मूर्तिकार श्री राजेश जी सोनी का बहुमान त्रिस्तुतिक जैन श्री संघ की ओर से प्रवचन के दौरान किया गया।बहुमान के लाभार्थी बसंती लाल जी मेहता परिवार ,संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष संदीप खजांची ,चातुर्मास समिति अध्यक्ष प्रीतेश सराफ ,अशोक भंडारी ,आजाद भंडारी ,सुनील चतर ,सिद्धार्थ पापड़ वाला आदि ने भी बहुमान किया इस अवसर पर ऑठम तप के लाभार्थी मथुरा लाल जी प्यारचंद जी मोदी परिवार के सेवंतीलाल जी मोदी,जयंतीलाल जी मोदी ,महेंद्र मोदी राजगढ़ का भी बहुमान भी किया गया।

# सराफा पुलिस ने नशे से दूरी है जरूरी राजबाड़ा पर हस्ताक्षर अभियान का चलाया

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर I इंदौर थाना सराफा पुलिस द्वारा “नशे से दूरी है जरूरी” अभियान के अंतर्गत लेकर नशे से दूर रहने व नशा नहीं करने , नशे से होने वाले मानसिक शारीरिक व आर्थिक दुष्परिणाम के प्रति जनमानस को जागरूक करने हेतु थाना सराफा जोन-4 , डीसीपी ऋषिकेश मीणा, सराफा, एसपी, हेमंत चौहान,व थाना प्रभारी सराफा सुरेंद्र सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षर अभियान चलाकर किया राजवाडा विजयचाट सीतलामाता व सराफा में नशे से दूरी है जरूरी अभियान में नशे से दूर रहने व लोगों को बड़ चडकर इस अभियान में भाग लेने एवं अधिक से अधिक लोगों इस नशे रुपी जहर से दूर रहने के प्रति जागरूक किया गया।






## जनसुनवाई में 129 आवेदन प्राप्त

**रणजीत टाइम्स**

शाजापुर । मुख्यमंत्री जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत आज संपन्न हुई जनसुनवाई में 129 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री बीएस सोलंकी, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संतोष टैगोर ने भी जनसुनवाई में आए आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री आलोक वर्मा, सुश्री नेहा गंगारे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।



# पीड़ित समाज की सेवा में निरंतर आगे कीमोथेरेपी डे केयर सेंटर

## कैंसर रोगियों का नाममात्र की राशि में हो रहा बेहतर इलाज




रणजीत टाइम्स

इंदौर। कैंसर एक ऐसी खतरनाक और जानलेवा बीमारी है जिसका इलाज बड़ा मंहगा व खर्चीला है , और इसे वहन करना आम व्यक्ति के बूते की बात नहीं है।आज कैंसरजन्य पीड़ितों के लिए संस्था उम्मीद ईमानदारी और समर्पण भाव से सेवा कार्य कर रही है जो सराहनीय है। इससे दूसरो को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। ये विचार कर्नाटक के राज्यपाल महामहिम थावरचन्द गेहलोत के हैं, जो उन्होंने रॉबर्ट नर्सिंग होम में संचालित कीमोथेरपी डे केयर सेंटर के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर व्यक्त किए।

यह जानकारी देते हुए परामर्शदाता योगेंद्र सांड ने बताया कि विगत 3 वर्षो से यह कीमोथेरिपी डे केयर सेंटर समाज के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। इस सेंटर पर अभी तक प्रदेश व प्रदेश के बाहर से लगभग 8 हजार कैंसर पीड़ित मरीजों को कीमोथेरेपी चिकित्सा दी गई जिसमें 1000 मरीज़ों की कीमोथेरेपी निशुल्क की गई। संस्था "उम्मीद "को और अधिक जनसहयोग मिला तो निशुल्क कीमोथेरेपी की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी भी की जा सकती है।

कैंसर सर्जन डॉ. गौरव खंडेलवाल ने बताया कि सेंटर में कीमोथेरेपी पर 70 से 80 प्रतिशत रियायत व ग़रीबी रेखा के नीचे गुजर बसर करने वाले को यह थेरेपी निःशुल्क दी जा रही है,जबकि अन्य सेंटरों पर यह थेरेपी लगभग 20 से 25 हजार रुपए में हो रही है। यह कीमोथेरेपी डे केयर सेंटर आधुनिक सुविधाओ से लेस है और यहां कैंसर पीड़ित मरीजों की केवल कीमोथेरेपी ही होती है। यहां प्रदेश और दूसरे राज्यों के कैंसर पीड़ित मरीज इलाज के लिये बड़ी संख्या में आते है। अतिथि स्वागत डा, राजीव चौधरी,डा,रूपेश मोदी ,पारस कटारिया, विमल नाहर ,दिलीप सी. जैन,संजय नाहर व मनीष जैन ने किया। संचालन किया अनोखीलाल जैन ने और अर्पण जैन ने आभार माना।

# तिरंगे का जन्म समारोह पूर्वक शासकीय श्री अहिल्या केंद्रीय पुस्तकालय में मनाया गया




रणजीत टाइम्स

इंदौर। तिरंगे का जन्मोत्सव बहुत कम लोगों को जानकारी होगी कि हमारे राष्ट्र ध्वज तिरंगे का जन्म , अवतरण किस दिन हुआ था ? तिरंगे का जन्म बाईस जुलाई सन उन्नीस सौ सैंतालीस को हुआ था । इसी तिरंगे का जन्म मध्य प्रदेश की व्यावसायिक राजधानी कहलाए जाने वाले , देश में स्वच्छता के सिरमौर और स्मार्ट सिटी इंदौर में समारोह पूर्वक शासकीय श्री अहिल्या केंद्रीय पुस्तकालय में मनाया गया । छब्बीस जनवरी और पंद्रह अगस्त क्यों मनाया जाता है ? यह लगभग सभी लोग जानते हैं लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि हमारे राष्ट्र ध्वज का भी जन्म हुआ था .. जी हां हमारे देश की आन बान और शान तिरंगे का जन्म बाईस जुलाई को सन उन्नीस सौ सैंतालीस को हुआ था । इंदौर शहर में विगत कई वर्षों से सेवा निवृत्त डी एस पी रवि अतरौलिया ने तिरंगा अभियान चला रखा है , और तिरंगे का जन्मोत्सव मनाते हुए लोगों को इस तिरंगे के जन्म को भी समारोहपूर्वक स्वतंत्रता दिवस , गणतंत्र दिवस की तरह मानने के लिए अभियान चलाए हुए हैं । इसी के तहत इंदौर के शासकीय श्री अहिल्या केंद्रीय पुस्तकालय में शिक्षाविद् पुस्तकालय प्रमुख डॉ श्रीमति लिली डावर के दिशा निर्देशन में आध्यात्मिक धर्म गुरुजनों द्वारा तिरंगे के पूजन और महाआरती के साथ रवि अतरौलिया जी सहित गणमान्य नागरिकों विद्यार्थियों की मौजूदगी में ध्वजारोहण किया गया ।

तत्पश्चात प्रबुद्धजनों ने तिरंगे के विषय में प्रभावी उद्बोधनों दिया गया । इस अवसर पर महामंडलेश्वर द्रय योगी राजनाथ जी , विजयराम दास के अलावा आचार्य पं सुरेशानंद जी , गौ सेवक श्री रामगोपाल चेरिटेबल ट्रस्ट के संदीप गुप्ता , श्री लक्ष्मीश्रीमणनारायण इंटरनेशनल सेवा फाउंडेशन के राजेश शर्मा , रामरोटी इंटरनेशनल सेवा फाउंडेशन के रणवीरसिंह होरा समाजसेवी कल्पेश भाई पटेल , पंडित श्याम जोशी , राजेश मिश्रा अभिभाषक अभिषेक जोशी , सुधीर सोलंकी , वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप जैन विशेष रूप से मौजूद थे ।आभार प्रदर्शन डॉ . श्रीमति लिली डावर द्वारा किया गया ।

# कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई

## अधीनस्थ अधिकारियों को दिए कार्यवाही के निर्देश

रणजीत टाइम्स

उज्जैन। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के द्वारा मंगलवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में विभिन्नि मामलों में जनसुनवाई करते हुए प्रकरणों का समय सीमा में नराकरण करने के निर्देश अधीनस्थ अधिकारियों को दिए गए। महिदपुर तहसील के ग्राम पेटलावद निवासी 85 वर्षीय बुजुर्ग श्री नबीबक्श मंसुरी ने आवेदन दिया कि उनके स्वामित्व के मकान को उनके पुत्र के द्वारा अनावेदकों को अवैध रुप से बेच दिया गया है व अनावेदकों द्वारा उनके मकान पर कब्जा कर लिया गया है व विरोध करने पर उन्हें जान से माने की धमकी दी जा रही है । इस पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व महिदपुर को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए ।

तहसील महिदपुर के ही ग्राम हिंगोनिया निवासी श्री शोभाराम ने आवेदन दिया कि उनके स्वामित्व की कृषि भूमि पर अनावेदकों के द्वारा अवैध रुप से कब्जा कर लिया गया है । इसपर तहसीलदार महिदपुर को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए । घट्टिया तहसील के ग्राम बांसखेडी निवासी श्री रणछोड लाल व अन्य ने आवेदन दिया कि उनके स्वामित्व की कृषि भूमि पर जाने के एकमात्र मार्ग पर गांव के एक दबंग व्यक्ति के द्वारा कब्जा कर लिया गया है । जिससे उन्हें कृषि कार्य करने और संसाधनों को लाने ले जाने में दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। इस पर तहसीलदार घट्टिया को प्रकरण की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए । उज्जैन तहसील के ग्राम करोंदिया निवासी श्रीमती




ज्योति लोभानिया ने आवेदन दिया कि उनके द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्राप्त राशी से आवास का निर्माण कराया जा रहा है । जिस पर उनके पडोसी द्वारा उन्हें निर्माण कार्य रोकने के लिए बाध्य किया जा रहा है । इस पर जनपद पंचायत उज्जैन को आवेदन की जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए । मोहन नगर उज्जैन निवासी श्रीमती ताराबाई सोलंकी ने आवेदन दिया कि वे आर्थिक रुप से कमजोर है व स्वयं के व्यय से भवन निर्माण करने में सक्षम नही है। उनके द्वारा कई बार आवेदन करने के बाद भी प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत भवन निर्माण के लिए राशी उपलब्ध नही हो पाई है । इसपर नगर निगम को आवेदन की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए । इसी प्रकार सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जयति सिंह एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के द्वारा भी जनसुनवाई की गई ।

# जमीनी युवा चाहिए होर्डिंग वाले नहीं

## बड़ा फोटो लगाने से बड़ा पद नहीं मिलेगा

रणजीत टाइम्स



भोपाल। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने युवा मोर्चा को स्पष्ट संदेश दिया है कि पार्टी को जमीनी स्तर पर मेहनत करने वाले युवा चाहिए, न कि होर्डिंग और सोशल मीडिया पर खुद को चमकाने वाले। भोपाल में भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों की बैठक में उन्होंने कहा कि होर्डिंग पर बड़ा फोटो लगाने से न तो पद मिलेगा और न ही भविष्य बनेगा। खंडेलवाल ने युवाओं से आह्वान किया कि वे सोशल मीडिया पर पार्टी और समाज के हित में बात करें, न कि अपनी व्यक्तिगत छवि चमकाएं। उन्होंने कहा कि जिसने अपनी चिंता की, वह कहीं नहीं पहुंचा, लेकिन पार्टी की चिंता करने वाला हमेशा ऊंचाइयों तक पहुंचा है। उन्होंने युवा मोर्चा को सलाह दी कि सोशल मीडिया पर ऐसी सामग्री साझा करें, जो समाज की जरूरतों को पूरा करे। साथ ही खंडेलवाल ने कारगिल विजय दिवस को विधानसभा स्तर पर मनाने और 15 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकालने का निर्देश दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि पद रहे या न रहे, ऐसा काम करें कि समाज हमेशा याद रखे। हेमंत खंडेलवाल ने युवा मोर्चा के पदाधिकारियों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों के आचरण और अनुशासन का उदाहरण देते हुए कहा- जैसे संघ परिवार के स्वयंसेवक यदि घर आते हैं तो चप्पल एक कोने में जमाकर रखते हैं। आप भी लोगों को ऐसे दिखें कि ये अलग पता चले कि एनएसयूआई का नहीं, युवा मोर्चा का कार्यकर्ता है। हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि मुझे तो महीने डेढ़ महीने पहले पता चला कि प्रदेश अध्यक्ष के लिए पांच-छह नामों में मेरा भी नाम चल रहा है तो मैने डेढ़-दो महीने पहले से ही भोपाल आना बंद कर दिया था। मैं दिल्ली 9 महीने बाद अमित शाह जो से मिलने गया। मैं आज तक किसी पद के लिए किसी के पास नहीं गया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि युवा मोर्चा में महिलाओं की संख्या भी बढ़ाई जाए। अभी मोर्चा में 20 से 22 फीसदी महिला हैं। महिलाओं की संख्या 35 फीसदी तक करने का टारगेट रखा गया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि आप खुद की चिंता छोड़ दें। आप काम पर ध्यान दें, आपकी चिंता पार्टी करेगी। मेरा आप सब से कहना है कि सोशल मीडिया पर खुद के अलावा हमारी पार्टी क्या कर रही है, प्रधानमंत्री जी, मुख्यमंत्री जी जो कर रहे हैं उसे शेयर करें। आप कहां घूमने गए हैं इससे समाज को कोई लेना-देना नहीं हैं। आप ट्रेन में यात्रा कर रहे हैं वो पोस्ट करने से आपका इंप्रेशन खत्म हो रहा है। आप अपने सोशल मीडिया पर जो शेयर करेंगे उससे समाज में आपकी वैसी इमेज बनेगी। हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि युवा मोर्चा के हर कार्यकर्ता को अपनी विशिष्ट पहचान बनानी चाहिए। आपकी पहचान पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में हो सकती है। आप स्वच्छता प्रेमी, नियमित हेलमेट लगाकर चलने वाले कार्यकर्ता की पहचान हो सकती है। समाज में आपकी सामाजिक उपस्थिति ऐसी रहे कि लोग आपको आपकी उस विशिष्ट आदत के कारण पहचानें। क्योंकि, यदि समाज आपका सम्मान करेगा तो वह दल का भी सम्मान होगा। आपका आचरण खराब है तो समाज आपके दल का भी सम्मान नहीं करेगा। इसलिए सभी लोग अपने व्यवहार पर ध्यान दें।

बड़ा फोटो लगाने से बड़ा पद नहीं मिलेगा- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि होर्डिंग पर बड़ा फोटो लगाने से पद नहीं मिलेगा। और न ही आपका भविष्य बनेगा। जिसने खुद की चिंता की। वो कही नहीं पहुंचा। पार्टी की चिंता करने वाला ही ऊंचाई पर पहुंचा है। आप अपनी चिंता छोड़ दें। फेसबुक, ट्विटर पर आप खुद की जगह सरकार की बात करें। सोशल मीडिया पर वो चीज डाले जिसकी समाज को जरूरत है। कारगिल विजय दिवस विधानसभा स्तर पर मनाएं। 15 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकालने की योजना बनाएं।

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की

अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!

अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।

टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स